भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2425
उत्तर देने की तारीख: 01.08.2022

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के परिणामों में विलम्ब

†2425. प्रो. सौगत रायः
श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं कक्षा की परीक्षा का परिणाम प्रकाशित करने में विलंब के क्या कारण हैं;
(ख) क्या सरकार का वर्ष 2022 में सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले छात्रों के हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई आरम्भ करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने ध्यान दिया है कि बोर्ड के परिणाम प्रकाशित होने के बाद अधिकांश संस्थानों में कक्षा 11वीं और स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश आरम्भ हो गए हैं और यदि हां, तो क्या सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या सरकार का छात्रों को कठिनाइयों से बचाने के लिए एक ही दिन में बोर्ड के सभी परिणामों हेतु समय सारिणी अथवा कार्यक्रम पेश करने का विचार है; और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है; और
(च) सीबीएसई द्वारा परिणाम प्रकाशित करने में परीक्षा कैलेंडर का सख्ती से पालन न करने के क्या कारण हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क): परिणामों की घोषणा में कोई विलंब नहीं हुआ है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा-बारहवीं के परिणाम की घोषणा की तारीख 31 जुलाई, 2022 निर्धारित की गई थी। बोर्ड ने 22.07.2022 यानी निर्धारित तिथि से 9 दिन पहले दसवीं/बारहवीं दोनों कक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं।

(ख) से (च): जहां तक उच्चतर शिक्षा का संबंध है, सीबीएसई द्वारा उसके दिनांक 28.06.2022 के पत्र संख्या सीबीएसई/मुख्यालय-समन्वय पीओएलसी/12/2022/ई-72085/1051 के माध्यम से यूजीसी को किए गए अनुरोध पर, यूजीसी ने दिनांक 12 जुलाई, 2022 के अ. शा. पत्र संख्या 2-64/2022 (सीपीपी- II, के माध्यम से विश्वविद्यालयों को सीबीएसई के परिणाम की घोषणा के पश्चात अंतिम तिथि निर्धारित करने के निर्देश जारी किए हैं, जो यूजीसी की वेबसाइट https://www.ugc.ac.in/pdfnews/2167534_CBSE_Result.pdf पर उपलब्ध हैं।

*****